छापा | आय से 400 गुना ज्यादा संपत्ति मिली

# सोसायटी प्रभारी प्रबंधक के ठिकानों पर ईओडब्ल्यू का छापा

**नवभारत, लांजी।** जिले के लांजी इलाके में मनेरी सहकारी सोसायटी के प्रभारी प्रबंधक विलास चौरे के ठिकानों पर ईओडब्ल्यू की टीम ने छापा मारा है। यह कार्रवाई गुरुवार सुबह डीएसपी मनजीत सिंह की अगुवाई में की गई।

शुरुआती जांच में जो जानकारी सामने आई है, वह चौंकाने वाली है। बताया जा रहा है कि विलास चौरे के पास उनकी सरकारी आय के मुकाबले करीब 400 गुना ज्यादा संपत्ति मिली है। यही वजह है कि उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया है।

डीएसपी मनजीत सिंह के मुताबिक, विलास चौरे साल 2014 में संविदा कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर मनेरी सहकारी सोसायटी में नियुक्त हुए थे। धीरे-धीरे तरक्की करते हुए वे सोसायटी के प्रभारी प्रबंधक के पद तक पहुंच गए। पुलिस के अनुसार, इन करीब 15 सालों की नौकरी में उनकी कुल आय 20 से 22 लाख रुपये के आसपास ही होती है, लेकिन जांच में जो संपत्ति सामने आई है, वह इस आय से मेल नहीं खाती।





वाहनों के अलावा जांच में जमीन-जायदाद का भी बड़ा ब्योरा मिला है। लांजी में विलास चौरे ने करीब 10 लाख रुपये की जमीन खरीदी और उसी जमीन पर लगभग 50 लाख रुपये की लागत से आलीशान मकान बनवाया। इसके अलावा बिसौनी में भी उन्होंने 10 लाख रुपये की एक अलग जमीन खरीदी है।

पति-पत्नी के नाम से तीन अलग-अलग बैंकों में खाते मिले हैं, वहीं ट्रेवल्स कारोबार से जुड़ा एक अलग बैंक खाता भी है। जांच टीम ने इस चौथे खाते को सील कर दिया है।

### 14 वाहनों के मालिक निकले विलास चौरे

छापेमारी के दौरान ईओडब्ल्यू की टीम को पता चला कि विलास चौरे के नाम पर कुल 14 वाहन दर्ज हैं। इनमें 5 बसें, 2 ट्रैक्टर, 4 फोर व्हीलर गाड़ियां और 3 मोटरसाइकिलें शामिल हैं। जांच एजेंसी के अनुसार इन वाहनों की कुल कीमत ही 2 करोड़ रुपये से ज्यादा बैठती है। दिलचस्प बात यह है कि यह पूरा कारोबार उनकी पत्नी के नाम से चल रही 'चौरे ट्रेवल्स' के तहत संचालित होता है। इसी ट्रेवल्स एजेंसी की एक बस हैदराबाद के लिए भी चलाई जा रही थी।

# राजा शंकरशाह और कुंवर शाह का मनाया बलिदान दिवस



**राजा शंकरशाह जमीदारों तथा आम जनता में थे लोकप्रिय : विवेक पटेल**

**नवभारत, वारासिवनी।** मातृभूमि के स्वाभिमान की रक्षा के लिए सर्वस्व अर्पित करने वाले जनजातीय महानायक राजा शंकरशाह और उनके पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह का बलिदान दिवस ग्राम सिकंदरा आदिवासी भवन में मनाया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल पहुंचे। जहां समाज के पदाधिकारियों ने उनका पुष्प मालाओं से स्वागत किया। जिसके पश्चात विधायक विवेक पटेल ने राजा शंकरशाह और कुंवर शाह की छायाचित्र पर माल्यार्पण के उन्हें याद किया।इस दौरान विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम के दौरान गोंडवाना क्षेत्र के राजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथ शाह ने अंग्रेजों के ख़िलाफ़ अलख जगाई।अंग्रेजों ने 18 सितंबर 1857 को दोनों पिता-पुत्र को तोप के मुंह में बांधकर शहीद कर दिया गया था।प्रत्येक वर्ष इसी दिन बलिदान दिवस मनाया जाता है। इन दोनों वीरो ने मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी।दोनों पिता-पुत्र ने स्वतंत्रता संग्राम में ब्रिदिश शासन के अत्याचारों के खिलाफ कविताओं और गीतों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।जन्म को सार्थक करने वाली शहादत मौत नहीं होती,अमर कर देती है।लोग उस समय भी फूट डालते थे।जिसके कारण हमें अंग्रेजों का गुलाम बनना पड़ा था। राजा शंकरशाह जमीदारों तथा आम जनता के बीच काफी लोकप्रिय थे।इस दौरान राजेश मड़ावी,शंकर इनवाती,मानसिंह परते,अनुरसिंह उइके,गणेश कुंभरे, ओमकार मड़ावी,फत्तूलाल उइके,शिवपाल मड़ावी,तारसिंह मर्सकोले,संजय उइके,अरविंद उइके,कमलसिंह धुर्वे सहित समाजिकगण मौजूद रहे।

## एक नजर में

### बीए एलएलबी चौथे सेमेस्टर की परीक्षा निरस्त

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय प्रशासन ने बीए एलएलबी चतुर्थ सेमेस्टर की 17 सितंबर 2026 को निरस्त की गई परीक्षा के लिए नई तारीख घोषित कर दी है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी संशोधित अधिसूचना के अनुसार, अब यह परीक्षा 26 सितंबर 2026 को आयोजित की जाएगी। यह संशोधन ओल्ड कोर्स तथा न्यू कोर्स दोनों के लिए लागू होगा। परीक्षा के तहत तृतीय प्रश्न पत्र हिंदी भाषा-द्वितीय का पेपर लिया जाएगा। परीक्षा का समय पूर्व की भांति सुबह 7 बजे से 10 बजे तक रहेगा। परीक्षा नियंत्रक के आदेशानुसार इस संबंध में संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यों और विभागों को सूचित कर दिया गया है।

### कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**नवभारत, जबलपुर।** महाराष्ट्र हाई स्कूल एवं उसके सामने दूरसंचार कार्यालय वाली सड़क का डामलिकरण लगभग 8 माह पूर्व हुआ था, जो पहली ही बरसात में भ्रष्टाचार की भेंट चढ गई और सड़क से डामल गायब हो गया।इस सड़क निर्माण में हुए भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर कांग्रेस पार्षद दल एवं युवक कांग्रेस द्वारा 18 सितम्बर दोपहर 3:30 बजे यातायात थाने के सामने महाराष्ट्र हाई स्कूल रोड पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### तालाब में मिली लाश

**जबलपुर।** हनुमानताल तालाब में एक अज्ञात व्यक्ति का शव उतराता हुआ मिला। जानकारी के मुताबिक, नगर निगम सुपरवाइजर रोहित नन्हेट ने गुरुवार सुबह हनुमान ताल तालाब में एक शव को देखा तो थाने में सूचना दी। पुलिस ने लोगों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

### तड़ीपार को पुलिस ने दबोचा

**जबलपुर।** केंट पुलिस ने तड़ीपार को जिला बदर के आदेश का उल्लंघन करते धरदबोचा। पुलिस के मुताबिक रोशन ठाकुर पिता सुरेश सिंह ठाकुर 35 वर्ष निवासी बडी वाजपेयी कम्पाउण्ड सदर का एक अपराधिक प्रवृत्ति का है जिसके विरूद्ध कई अपराध पंजीबद्ध होकर न्यायालय में विचाराधीन है। 22 मई 2026 को रोशन ठाकुर को जिला जबलपुर एवं जबलपुर से लगे सीमावर्ती जिले मण्डला, डिण्डौरी, सिवनी नरसिंहपुर कटनी, दमोह, उमरिया की राजस्व सीमाओं से 4 माह की अवधि तक जिलाबदर किया गया था।

# स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने सम्राट सिंह से लगाई गुहार

**नवभारत, बालाघाट।** स्वसहायता समूह से जुड़ी महिलाओं का एक प्रतिनिधिमंडल अपनी विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार के निवास पर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने महिलाओं की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपकर तत्काल निराकरण की मांग रखी।



महिलाओं ने बताया कि स्वसहायता समूहों के संचालन एवं उनसे जुड़ी विभिन्न समस्याओं के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों और समस्याओं को विस्तारपूर्वक जिला पंचायत अध्यक्ष के समक्ष रखा।

इस दौरान सम्राट सिंह सरसवार ने महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि उनकी मांगों को लेकर जिला पंचायत सीईओ एवं कलेक्टर से चर्चा की जाएगी तथा नियमानुसार समस्याओं के समाधान का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

# बिठली, सोनगुड्डा और बिरसा के उपस्वास्थ्य केंद्रों व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की सेवा

**बिठली में क्षमता से अधिक बच्चे पहुंचे, भोजन व्यवस्था पर पड़ा असर**

**नवभारत, परसवाड़ा।** वनांचल के दूरस्थ और बैगा बहुल गांवों में लंबे समय से सामाजिक सेवा के माध्यम से ग्रामीणों से जुड़ने वाले रामेश्वर कटरे इन दिनों स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार करा रहे प्रभावित बच्चों और उनके परिजनों की मदद में जुटे हैं। बुधवार 16 सितंबर को उन्होंने दक्षिण बैहर के बिरसा, सोनगुड्डा और बिठली के उपस्वास्थ्य केंद्रों के साथ बैहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों और उनके परिजनों से संवाद किया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति की जानकारी लेने के साथ जरूरतमंद परिवारों के लिए भोजन, नाश्ता और राशन सामग्री की व्यवस्था की गई।



श्री कटरे ने बताया कि पिछले कई दिनों से प्रभावित क्षेत्र के लोग उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्रों का रुख कर रहे हैं। उनका कहना है कि कुछ समय पहले तक बीमारी और संक्रमण की आशंका के बीच कई माता-पिता बच्चों को अस्पताल लाने में डर या संकोच महसूस करते थे। अब स्थिति में बदलाव देखने को मिल रहा है। माता-पिता बच्चों को लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं, चिकित्सकों से उपचार करा रहे हैं और उपचार के बाद स्वस्थ होकर घर लौट रहे हैं। उनके अनुसार अस्पतालों में बच्चों की संख्या बढ़ना इस बात का संकेत है कि ग्रामीणों में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भरोसा मजबूत हो रहा है। बिठली स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए पहुंचे प्रभावित बच्चों की संख्या उपलब्ध बेड की क्षमता से अधिक हो गई। बच्चों के साथ उनके माता-पिता और भाई-बहन भी अस्पताल पहुंच रहे हैं। इससे मरीजों के साथ आए परिवारों के भोजन की व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ा।

# 'आशीर्वाद का दीया' नगर परिषद में दीपों से जगमगाया प्रांगण

**नवभारत, बालाघाट।** शासन के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत अभियान प्रारंभ कर नगरीय क्षेत्र लांजी में आज दिनांक 17.09.2026 को शाम 7.00 बजे से माननीय प्राधानमंत्री जी के जन्मदिवस के अवसर पर नगर के विभिन्न स्थान कोटेश्वर मंदीर परिसर, काली मंदीर परिसर, गायत्री मंदीर परिसर, सुभाष चौक बस स्टैण्ड एवं गणेशी तालाब कार्यालय नगर परिषद परिसर, अमृत बाल उद्यान एवं नगर के समस्त वार्डो में योजनाओं के अंतर्गत लाभावित हितग्राहीयों 13000 आर्शीवाद का दीया(दीप) प्रज्जवलित किया गया एवं लाइटिंग की व्यवस्था भी की गई।




उक्त आयोजन में माननीय विधायक श्री राजकुमार कर्राहे जी, मंडल अध्यक्ष लांजी श्री आलोक चौरसिया जी, जिला पंचायत विधायक प्रतिनिधि श्री गौरव बैस जी, सांसद प्रतिनिध श्री राकेश रामटेक्कर जी, मंडल अध्यक्ष बिसोनी श्री देवेश ऐडे जी एवं नगर परिषद पदाधिकारीगण में उपाध्यक्ष श्री संदीप रामटेक्कर जी, सभापति/पार्षद/मनोनित पार्षद में श्री किशोर रामटेक्कर जी, श्री दिनेश कचवाहे जी, श्री विजय गोस्वामी जी, श्रीमती शिखा गोस्वामी जी, श्रीमती कस्तुरा वाकडे जी, श्री संजय सैय्याम जी, श्रीमती विभा तिवारी जी, श्रीमती पूनम आसटकर जी, श्रीमती प्रेमलता खोब्रागढे जी, श्रीमती कल्पना डोलस जी, श्रीमती तेजेश्वरी गोधुले जी, एवं नगर प्रशासन के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों की सराहनीय सहभागिता सहित उपस्थिती रही।

# कुकर्रा में शुरू हुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, ग्रामीणों को अब स्थानीय स्तर पर मिलेंगी स्वास्थ्य सेवाएं

**नवभारत, बैहर।** जनजातीय बहुल विकासखंड बैहर के दूरस्थ ग्राम कुकर्रा में मंगलवार से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का पूर्ण रूप से संचालन प्रारंभ हो गया है। अस्पताल में मरीजों की जांच एवं उपचार से संबंधित आवश्यक सामग्री उपलब्ध करा दी गई है। स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से कुकर्रा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अब प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शत्रुघन दाहिया ने बताया कि कुकर्रा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की जांच, उपचार एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सभी जरूरी सामग्री उपलब्ध करा दी गई है। केंद्र में दो मेडिकल ऑफिसर, तीन फील्ड स्टाफ और एक गार्ड की पदस्थापना की गई है। आवश्यक स्वास्थ्य अमले की उपलब्धता के साथ अस्पताल ने नियमित रूप से कार्य करना शुरू कर दिया है।

कुकर्रा क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से दूरस्थ होने के कारण यहां के ग्रामीणों को सामान्य बीमारी अथवा उपचार के लिए भी गढ़ी और बैहर स्थित स्वास्थ्य संस्थानों तक जाना पड़ता था। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के संचालन से अब ग्रामीणों को अपने गांव के समीप ही चिकित्सकीय परामर्श, स्वास्थ्य जांच और उपचार की सुविधा मिल सकेगी। इससे समय और आवागमन के खर्च की बचत होने के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर मरीजों को तत्काल प्राथमिक उपचार भी उपलब्ध होगा।

# डॉ . संजय मुक्ति आंदोलन समिति के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**नवभारत, कटंगी।** महाबोधि महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन राष्ट्रीय समिति बोधगया के तत्वाधान में महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन समिति बोधगया के राष्ट्रीय अध्यक्ष भदंत प्रज्ञाशील एवं राष्ट्री महासचिव डॉ. आकाश लामा व महाबोधी महाविहार बोधगया को गैर बुद्धिष्ट लोगों से मुक्त कर बुद्धिष्ट समुदाय के हाथों प्रबंधन हेतु सुप्रीम कोर्ट दिल्ली मे प्रस्तुत याचिकाकर्ता व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मप्र भदंत धम्म शिखर द्वारा महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन समिति म प्र का डॉ एड संजय खोबरागड़े को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन समिति मप्र का राज्य स्तरीय सम्मेलन आम्रपाली बुद्ध विहार लहारपुर भोपाल में 13 सितम्बर को आयोजित किया।



जिसमें महाबोधि महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन राष्ट्रीय समिति बोधगया के राष्ट्रीय अध्यक्ष भदंत प्रज्ञाशील महाथेरो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूज्य भदंत धम्म शिखर इंजी धम्म रतन शोमकुवर राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा भिक्षुणी संघमित्रा व महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन राष्ट्रीय समिति के केंद्रीय सदस्य की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

# गणेश उत्सव में भजन मंडली ने दी शानदार प्रस्तुति, श्रद्धा और आस्था का अनूठा संगम

**नवभारत, लालबर्रा।** सभी देवों में प्रथम पूज्य श्री गणेश जी के पवन उत्सव के तहत श्रद्धा और आस्था का अनूठा संगम प्रस्तुत होते देखने को मिला । इसमें जय श्री कृष्ण भजन मंडल ग्रुप द्वारा भजन मंडल की सदस्य श्रीमती शशि डॉ अरुण उपाध्याय लालबर्रा के निज निवास परिसर पर विराजित गणेश प्रतिमा की खुशहाली में एक भजन संध्या का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक सुंदर भजन की प्रस्तुति प्रस्तुत किताब। गणपति बप्पा मोरिया के गगन भेदी जयकारे से समूचे क्षेत्र धर्ममय हो उठा।



इसके पूर्व श्री रामचरितमानस का पाठ किया गया । इसके बाद आयोजकों ने अतिथि महिलाओं का तिलक लगाकर हल्दी कुमकुम अभिनंदन किया तथा अंत में प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया ।

इस अवसर पर श्री कृष्ण भजन मंडल से दुर्गा टेभरे, कल्पना चौहान, डाली स्वामी, आभा ज्योतिषी पिंकी तोमर, शिल्पी शुक्ला, रजनी नामदेव, बेला सोनी, लता वैद्य, विनीता वैद्य एवं अध्यक्ष श्रीमती शशि उपाध्याय सहित समाजजन उपस्थित रहे।

सम्मान | बैंक की 115वीं वार्षिक आमसभा सम्पन्न, उत्कृष्ट कार्य करने वालों का हुआ सम्मान

# प्रगति के पथ पर अग्रसर है जिला सहकारी केंद्रीय बैंक



**नवभारत, बालाघाट।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट की 115वीं वार्षिक आमसभा 17 सितम्बर को बैंक मुख्यालय सभागार में आयोजित हुई। आमसभा में बैंक की वित्तीय स्थिति, ऋण वितरण, वसूली, समितियों के कम्प्यूटरीकरण सहित सहकारिता क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों एवं आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक कुमार सत्यम, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित भोपाल के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी आर.सी. पटले, बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिनव सिंह बघेल एवं प्रबंधक लेखा पी. जोशी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

कलेक्टर ने कहा कि जिले की बी-पैक्स समितियों का कम्प्यूटरीकरण किया जा चुका है। इससे समितियों के कार्यों में पारदर्शिता बढ़ने के साथ किसानों को त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। सहकारिता में नवाचार के तहत जिले की 126 बी-पैक्स समितियों का कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में पंजीयन कराया गया है। इसके माध्यम से समितियों के कार्यक्षेत्र के किसानों को समिति स्तर पर ही विभिन्न सेवाओं का लाभ मिल रहा है।

### 99 .47 प्रतिशत कृषक परिवार सहकारिता से जुड़े

अपने प्रशासनिक उद्बोधन में कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक कुमार सत्यम ने बताया कि 31 मार्च 2026 की स्थिति में जिले की 230 सहकारी समितियां और 10,248 नाममात्र सदस्य बैंक से जुड़े हैं। जिले के 3,15,429 कृषक 131 बी-पैक्स समितियों से जुड़े हुए हैं। इस प्रकार जिले के 99.47 प्रतिशत कृषक परिवार सहकारिता से जुड़ चुके हैं। उन्होंने बताया कि बैंक की अंश पूंजी 3491.88 लाख रुपये, रक्षित कोष 9757.54 लाख रुपये, अमानतें 111894.15 लाख रुपये तथा कार्यशील पूंजी 149790.05 लाख रुपये है। 31 मार्च 2026 तक बैंक द्वारा 785776.32 लाख रुपये का विनियोजन किया गया है। कृषि ऋणों की वसूली का प्रतिशत 82.76 रहा है।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में हिन्दी पखवाड़े पर व्याख्यानमाला और कवि सम्मेलन आयोजित




**नवभारत, बालाघाट।** हिंदी पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी महाविद्यालय में हिन्दी भाषा में साहित्य का योगदान विषय पर व्याख्यामाला सह कवि सम्मेलन आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण व दीप प्रजवलित कर की. इस अवसर पर उन्होंने कहा हिंदी भारत के मान, सम्मान स्वाभिमान की भाषा हैं. उन्होंने छात्रों से आव्हान किया की हिंदी के व्यापक प्रसार प्रचार के लिये मिलकर कार्य करें. कार्यक्रम में हिंदी विभागध्यक्ष डॉ. संजय बिसेन ने हिंदी के महत्व, उपयोगिता, प्रासंगिकता, आवश्यकता पर विस्तार से विचार रखें. कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. संतोष लिल्हारे द्वारा किया गया. आभार प्रोफ़ेसर सविता गेड़ाम द्वारा किया गया. कार्यक्रम में प्रोफ़ेसर अशोक लिल्हारे सहित विद्यालय के हिंदी विषय के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे.कवि सम्मेलन की श्रृंखला में व्यंग्य कवि शैलेश 'शैल' ने हिंदी के व्यख्यान के साथ ही हिंदी को समर्पित कविता में कहा-सफ़र हैं चलता रहें।